कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र, जोधपुर

क्रमांक :– 22 दिनांक :– 21.02.2022

–: प्रेस नोट :–

''महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र, आयुक्तालय जोधपुर का पाल गांव में निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आरम्भ''

महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हे आत्मरक्षा हेतु सशक्त बनाने, अपने अधिकारों व कानूनों के बारे में सजग करने एवं महिला अपराधों में कमी लाने के उद्देश्य से आयुक्तालय जोधपुर में स्थापित **''महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र''** द्वारा आज **एम.डी. सारण पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय पाल** में अध्ययनरत 85 से अधिक बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देना आरम्भ किया गया है। महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र रातानाडा पुलिस लाईन परिसर में भी नया प्रशिक्षण बैच जल्द आरम्भ होने वाला है, जिसके आवेदन पत्र कार्यालय पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र रातानाडा में जमा किये जा रहे है।

आयुक्तालय जोधपुर में स्थापित ''महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र'' में 13 वर्ष से अधिक आयु की कोई भी कामकाजी, गृहणी महिला, अध्ययनरत बालिका, शिक्षण संस्थाएं एवं अन्य संस्थाएं अपनी संस्था में अध्ययनरत / कार्यरत महिला / बालिकाओं का नामांकन करा सकती है एवं जो अभिभावक अपनी बच्चियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दिलवाना चाहते है, वो इस केन्द्र पर नामांकन करवा सकते है। यह आत्म रक्षा प्रशिक्षण साप्ताहिक व पुर्णतः निशुल्क है।**प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी एवं आवेदन फॉर्म के लिये कार्यालय पुलिस परार्मश केन्द्र आयुक्तालय जोधपुर में सम्पर्क कर सकते है।**

संलग्न :– प्रशिक्षण शिविर के फोटोग्राफ।

एस.डी. / –

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र,

जोधपुर आयुक्तालय

एम.डी. सारण पब्लिक उच्च माध्यमिक
(राजस्थान सरकार द्वारा पंजीकृत एवं शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त)
• कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक •
(कला एवं विज्ञान वर्ग)